A–BRL–M–GJTB

# इतिहास (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# HISTORY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**( आधुनिक भारत )**

**( Modern India )**

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक कथन की समालोचनात्मक जाँच लगभग *150* शब्दों में कीजिए :

Critically examine the following statements in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* ''भारत की चाबी को मद्रास में खोजने की ड्यूप्लेक्स ने एक मौलिक भारी भूल की : क्लाइव ने प्रयास किया और उसे बंगाल में पाया।''

"Dupleix made a cardinal blunder in looking for the key of India in Madras : Clive sought and found it in Bengal."

*(b)* स्वामी विवेकानन्द का मत था, ''हमें अपनी पुरातन आध्यात्मिकता व संस्कृति के बदले पश्चिमी विज्ञान, तकनीकी, जीवन-स्तर को उठाने की विधाओं, व्यापार अखंडता और सामूहिक प्रयास का तकनीकी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।''

Swami Vivekananda opined that "We should give our ancient spirituality and culture and get in return Western science, technology, methods of raising the standard of life, business integrity and technique of collective effort."

*(c)* ''रैयतवाड़ी तीन चरणों में होता है—प्रारंभिक, मध्य तथा देरी से, पर तीनों का एकमात्र साझा वर्णन यही है कि यह छोटे किसानों से निपटान की विधा है, जो वास्तव में इतने छोटे हैं कि नवीनतम आँकड़ों से प्रदर्शित, उनकी औसत जोत लगभग 6½ एकड़ है।''

"Ryotwari falls into three stages—early, middle and late, and the only description common to all is that it is a mode of settlement with small farmers, so small, indeed, that their average holding is, on recent figures, only about 6½ acres."

*(d)* ''हम में से बहुत से जिन्होंने काँग्रेस के कार्यक्रमों में काम किया था, वर्ष 1921 में एक प्रकार के नशे में जीते रहे। हम में उत्साह और आशावाद भरा था ...। हमें स्वाधीनता का आभास होने लगा जिस पर हमें गर्व था।''

"Many of us who worked for the Congress programme lived in a kind of intoxication during the year 1921. We were full of excitement and optimism .... We had a sense of freedom and a pride in that freedom."

*(e)* ''गाँधीजी शारीरिक रूप से जेल में हैं पर उनकी आत्मा आपके साथ है, भारत का मान आपके हाथों में है, आपको किसी भी परिस्थिति में हिंसा का प्रयोग नहीं करना है। आपको पीटा जाए तो भी आप विरोध न करें; अपने ऊपर पड़ने वाले वार को रोकने के लिए हाथ नहीं उठाना है।''

"Gandhi's body is in jail but his soul is with you, India's prestige is in your hands, you must not use any violence under any circumstances. You will be beaten but you must not resist; you must not raise a hand to ward off blows."

**2.** *(a)* आर० सी० दत्ता का कहना है, ''बुनाई लोगों का राष्ट्रीय उद्योग था और लाखों महिलाएँ कताई करती थीं।'' भारतीय कपड़ा इंग्लैंड व यूरोप के अन्य भागों, चीन, जापान, बर्मा, अरब व पर्शिया तथा अफ्रीका के कुछ भागों में जाता था। स्पष्ट कीजिए।

"Weaving", says R. C. Dutt, "was the national industry of the people and spinning was the pursuit of millions of women." Indian textiles went to England and other parts of Europe, to China and Japan and Burma and Arabia and Persia and parts of Africa. Elucidate. 25

*(b)* ''संज्ञान हेतु सर्वप्रथम बिंदु यह है कि आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के महत्त्वपूर्ण अंगों में धर्म व दर्शन की महत्ता बराबर बनी रही है। वास्तव में इसे पुनर्जागरण मानने के साथ सुधार मानना भी उचित है।'' समालोचनात्मक जाँच कीजिए।

"The first point to note is the continuing importance of religion and philosophy as vital ingredients in the modern Indian Renaissance. Indeed, there is as much reason for regarding it as a reformation as there is for treating it as a Renaissance." Critically examine. 25

**3.** *(a)* ''बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में भारत के वायसराय लॉर्ड कर्जन के मन में भारतीय नेशनल काँग्रेस के प्रति शत्रुता भरी थी और उन्होंने नवम्बर, 1900 में राज्य सचिव को गुप्त पत्र में लिखा था : मेरा विश्वास है कि काँग्रेस टूट कर गिर रही है और मेरी आकांक्षा है कि भारत में रहते हुए उसकी शांतिपूर्वक मृत्यु में सहायता दूँ।'' परीक्षण कीजिए।

"At the dawn of the twentieth century Lord Curzon, the Viceroy of India, was full of hostility towards the Indian National Congress and he confidentially reported to the Secretary of State in November 1900 : My own belief is that the Congress is tottering to its fall, and one of my greatest ambitions while in India is to assist it to a peaceful demise." Examine. 25

*(b)* ''यद्यपि 1919 का अधिनियम 1935 के अधिनियम द्वारा विस्थापित हो गया, पहले की प्रस्तावना नहीं बदली गई—चेशायरी बिल्ली के लुप्त होने के बाद भी उसकी मुस्कराहट बनी रही, और दूसरे में औपनिवेशिक पद का कोई जिक्र नहीं था।'' स्पष्ट कीजिए।

"Though the Act of 1919 was superseded by that of 1935, the preamble to the former was not repealed—the preservation of the smile of the Cheshire cat after its disappearance, and the latter said nothing about Dominion Status." Elucidate. 25

**4.** *(a)* ''आधुनिकता की खोज और उस विरोध के होते हुए भी जिसने नेहरू के ग्रामीण भारत के सामाजिक ढाँचे में व्याप्त असमानताओं के प्रति इस रवैये का रूप दिया, काँग्रेस ने जाति-आधारित भेदभाव के विरुद्ध कोई ठोस अभियान नहीं चलाया। नेहरू की अपनी धारणा थी कि औद्योगिक उन्नति अवश्य ही इस सामंती अवशेष के वर्चस्व को नष्ट कर देगी। पर भारत में ऐसा नहीं हुआ।'' परीक्षण कीजिए।

"Notwithstanding the quest for modernity and the antagonism that guided Nehru's attitude towards the inequalities inherent in the social structure in rural India, the Congress Party did not carry out a concerted campaign against discrimination based on caste. Nehru's own perception was that industrial growth was bound to break the stranglehold of this feudal remnant. This, however, did not happen in India." Examine. 25

(b) ''पुनर्गठन के फलस्वरूप भारत के राजनैतिक मानचित्र में, उसकी एकता को कमज़ोर किए बिना, तर्कसंगतता आई। कम-से-कम असहमति के मुख्य स्रोत समाप्त कर, कार्यात्मक सजातीय राजनैतिक इकाइयाँ बनी जिन पर उस माध्यम से प्रशासन हो जिसे बहुमत समझता है। वास्तव में दूरदर्श के लाभ से यह कह सकते हैं कि भाषा, खंडन की शक्ति न होकर मिलाने व पक्का करने में प्रभावी सिद्ध हुई।'' परीक्षण कीजिए।

"The reorganization resulted in rationalizing the political map of India without seriously weakening its unity. If anything, its result has been functional, in as much as it removed what had been a major source of discord, and created homogeneous political units which could be administered through a medium that the vast majority of the population understood. Indeed, it can be said with the benefit of hindsight that language, rather than being a force for division, has proved a cementing and integrating influence." Examine. 25

## खण्ड—B / SECTION—B

### ( विश्व इतिहास )

### ( World History )

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक कथन की समालोचनात्मक जाँच लगभग *150* शब्दों में कीजिए : 10×5=50

Critically examine the following statements in about *150* words each :

(a) ''कान्ट के अनुसार, प्रबोध मानव जाति का अंतिम रूप से उच्चतम सोपान तक जा पहुँचना है, मानवीय चेतना द्वारा अज्ञान एवं त्रुटि की अपरिपक्व अवस्था से मुक्ति पा जाना है।''

"For Kant, Enlightenment is mankind's final coming of age, the emancipation of the human consciousness from an immature state of ignorance and error."

(b) ''छः सौ हजार आदमी मर चुके थे। संघ बना रहा, गुलाम स्वतंत्र रहे। राष्ट्र, जिसकी कल्पना ही स्वाधीनता में हुई और जो सबकी समता की भावना को समर्पित था, अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा में सफल रहा।''

"Six hundred thousand men had died. The Union was preserved, the slaves freed. A nation 'conceived in liberty and dedicated to the proposition that all men are created equal' had survived its most terrible ordeal."

(c) ''उपनिवेशवाद किसी समाज को न केवल उसकी स्वतंत्रता एवं सम्पदा से ही वंचित कर देता है, बल्कि उसको अपने विशिष्ट चरित्र से भी वंचित कर देता है, जिसके फलस्वरूप वहाँ की जनता बौद्धिक एवं नैतिक रूप से दिशाभ्रमित होकर रह जाती है।''

"Colonialism not only deprives a society of its freedom and its wealth, but of its very character, leaving its people intellectually and morally disoriented."

(d) ''यदि रूस में 1917 की बोलशेविक क्रांति ने (जिसके फलस्वरूप सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ या सोवियत संघ का सृजन हुआ था) समस्त विश्व में लोगों के दिलों और दिमागों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ किया था, चीनी क्रांति उसी संघर्ष के दाँवों को और भी ऊँचा कर दिया है।''

"If the 1917 Bolshevik Revolution in Russia (that resulted in the creation of the Union of Soviet Socialist Republics or Soviet Union) inaugurated an international competition for the hearts and minds of people all over the globe, the Chinese Revolution raised the stakes of that struggle."

(e) ''वि-उपनिवेशीकरण (Decolonization) समाप्त हो चुका है। निश्चित रूप से यह भूतकाल की बात है। परंतु फिर भी इसने किसी न किसी प्रकार से इतिहास बनने से इन्कार कर दिया है।''

"Decolonization has finished. It definitely belongs to the past. Yet somehow it has refused to become history."

**6.** (a) ''चार्टर को सावधानी से बनाने पर भी संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति के रखवाले और अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थ की भूमिका लगभग मंद और निष्प्रभावी रही है और शीत युद्ध की समाप्ति पर भी स्थिति वही है।'' स्पष्ट कीजिए।

"In spite of the careful framing of the Charter, the role of UNO as peacekeeper and international mediator has been somewhat lacklustre and muted and that continues to be so even after the end of Cold War." Elucidate. 25

(b) ''ब्रिटेन में उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम अर्ध में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बदलाव अपेक्षाकृत शांतिप्रिय रहा और बैलट बॉक्स द्वारा लोकतंत्र प्रणाली को सफलतापूर्वक कार्यात्मक रूप दिया गया।'' विस्तृत आख्या दीजिए।

"Change in Britain came comparatively peacefully through democratic process in the first half of the nineteenth century and a model of a functioning democracy through ballot box was successfully put in place." Elaborate. 25

**7.** (a) ''नया साम्राज्यवाद आर्थिक न होकर राष्ट्रवादी घटना थी।'' समालोचनात्मक जाँच कीजिए।

"New imperialism was a nationalistic, not an economic phenomena." Critically examine. 25

(b) ''वर्ष 1980 तक सोवियत संघ की कम्यूनिस्ट प्रणाली, देश की 'सुपरपावर' की भूमिका के निर्वहन में असक्षम हो गई।'' स्पष्ट कीजिए।

"By the 1980s, the Communist system of the Soviet Union was incapable of maintaining the country's role as a Superpower." Elucidate. 25

**8.** (a) ''यूरोपीय संघ, यूरोप का नया रोगी है।'' सोमालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"The European Union is the new sick man of Europe." Critically evaluate. 25

(b) ''राजनैतिक शक्ति पर श्वेत एकछत्र शासन का अंत होना चाहिए और हमारे राजनैतिक व आर्थिक प्रणालियों का मूलतः पुनर्गठन हो जिससे रंगभेद की असमानताओं की समाप्ति सुनिश्चित हो और हमारा समाज पूर्णरूप से लोकतांत्रिक बन सके।'' आलोचना कीजिए।

"There must be an end to white monopoly on political power, and a fundamental restructuring of our political and economic systems to ensure that the inequalities of apartheid are addressed and our society thoroughly democratized." Discuss. 25

★★★